नर सेवा नारायण सेवा

# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी

## तिमाही वृत्तांत

**अक्टूबर - दिसम्बर 2022**




उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल का श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय का प्रवास

## अंक विशेष




## संपादक की कलम से:

वर्ष की तीसरी तिमाही भी हमेशा की भांति सोसाइटी के लिए उपलब्धियों व सिद्धियों से परिपूर्ण रही। उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) श्री गुरमीत सिंह जी के द्वारा हमारे श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय का प्रवास व उनके मुख से वहां के रोगियों के लिए की गई व्यवस्था और सुविधाओं की प्रशंसा,सराहना एवं प्रशस्ति सोसाइटी व चिकित्सालय स्टाफ के लिए अत्यंत ही उत्साहवर्धक और गौरवपूर्ण क्षण रही।

इसी तिमाही में पावन चार धाम यात्रा का समापन भी हुआ एवं हमारे धाम स्थित चिकित्सालयों द्वारा स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य सुविधाओं को सतत व यथावत रखते हुए कई बहुमूल्य जिंदगीयों को बचाया गया। तीनों चिकित्सालयों ने उनकी स्थापना के बाद से अब तक सर्वाधिक रोगियों का उपचार किया और उनकी तीर्थयात्रा को सुगम रखने में योगदान दिया। जैसे जैसे समय व्यवतीत हो रहा है, सोसाइटी के धर्मार्थ कार्यों की ख्याति चहुँ ओर हो रही है, और जिसके फलस्वरूप औद्योगिक संस्थान एवं कंपनियां अपने CSR दायित्व के अंतर्गत सोसाइटी की इस सेवा यात्रा में अपना योगदान देने हेतु संपर्क कर रही हैं। ऐसी ही दो कंपनियां वाघ बकरी टी ग्रुप और पीटीसी इंडिया ने इस तिमाही में सोसाइटी के साथ सहभागिता की व चिकित्सालयों हेतु सहायता राशि दी।

सोसाइटी के पास एक और गौरान्वित करने वाला क्षण था जब उनके दो वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा एक बड़े मंच पर पेपर प्रेजेंटेशन किए गए। सोसायटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल ने कोच्चि, केरल में आयोजित टेलीमेडिसिन सोसाइटी ऑफ इंडिया (टीएसआई) के 18वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, टेलीमेडिकॉन-2022 में टेलीमेडिसिन के तहत एक पेपर प्रस्तुत किया – “हिमालय पर्वतीय क्षेत्रों में टेली-स्वास्थ्य”। डॉ अनुज सिंघल ने सोसाइटी के चिकित्सालयों द्वारा टेलीमेडिसिन के सार्थक उपयोग पर अपनी प्रस्तुति साझा करी जिसे सभी ने सराहा। हरिद्वार चिकित्सालय के चिकित्सा निदेशक व वरिष्ठ फिजिशियन डॉ संजय शाह ने विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित हुई अमेरिकन कॉलेज ऑफ फिजिशियन (एसीपी) - इंडिया चैप्टर 2022 की 7वीं वार्षिक अधिवेशन में “ओल्ड इज गोल्ड: स्टिल स्टेंड्स ट्रू इन मेडिसिन" विषय पर अपने अनुभव साझा किये जिसे भी सभी के द्वारा सराहा गया।

सोसाइटी के चिकित्सालयों ने इस तिमाही में भी अपने स्टाफ को अद्यतन रखने के उद्देश्य से विभागवार फिजियोथेरेपी, ईसीजी, अपशिष्ट निपटान, उपकरणों के रखरखाव आदि विषयों पर अभिमुखीकरण सत्रों को यथावत रखा। सोसाइटी के चिकित्सालयों में आने वाले गणमान्य व्यक्तियों में उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल के अतिरिक्त वाघ बकरी टी ग्रुप के कार्यकारी निदेशक श्री पराग देसाई और उनकी टीम, एच.सी.एल फाउंडेशन की टीम और कई अन्य अतिथि भी रहे।

तीज त्योहारों वाली इस तिमाही में सोसाइटी के समस्त स्टाफ द्वारा दशहरा, दीपावली व अन्य त्योहार हर्ष व उल्लास के साथ मनाये गए। साथ ही "द हंस फाउंडेशन" के द्वारा दीपावली पर्व के उपलक्ष में पूज्य माता श्री मंगला जी और पूज्य भोले जी महाराज की ओर से आशीर्वाद स्वरुप पूरे सोसाइटी परिवार के लिए उपहार और मिठाई भिजवाई गई। एक अन्य घटनाक्रम के अंतर्गत, एक दशक तक सोसाइटी की सेवायात्रा में अपना अमूल्य योगदान देने के बाद वर्तमान सोसाइटी समिति ने कार्यकाल पूर्ण करते हुए नवीन सदस्यों वाली समिति को सेवाभार स्थानांतरित कर दिया। संपूर्ण सोसाइटी परिवार निवर्तमान समिति के सदस्यों का ह्रदय से आभार व्यक्त करते हुए नए समिति को उनके इस दायित्व के लिए शुभकामनाएं देती है।

तिमाही का अंत एक अत्यधिक हर्ष व गौरवमय क्षण लेकर आया जब सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सहायता प्राप्त जननीये प्रोद्योजगकी और सरोगेसी बोर्ड में विशेषज्ञ सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। डॉ अनुज इस बोर्ड में सम्मिलित नौ राष्ट्रीय विशेषज्ञों में से एक हैं और यह समस्त सोसाइटी परिवार के लिए अत्यंन्त ही उल्लेखनीय उपलब्धि है।

सोसाइटी के प्रकल्पों में अगला केशव माधव चिकित्सालय, वृन्दावन का निर्माण कार्य द्रुत गति से चल रहा है व निर्धारित समय सीमा तक चिकित्सालय पूर्ण हो जाएगा।

सोसाइटी हमेशा से धर्मार्थ कार्यों के लिए प्रयासरत है और रहेगी व अपने शुभचिंतकों के अविरल आशीर्वाद की छत्रछाया से पनपती और खिलती रहेगी।


03
हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला

04-09
तिमाही विशेष

10
रविवारीय सुपर स्पेशियलिटी शिविर एवं स्पेशियलिटी शिविर

11
सामुदायिक चिकित्सा शिविर

12
सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

13
उत्कृष्ट उदाहरण

14-15
आंकड़े


### संपादकीय और रूपांकन टोली

डॉ ताराश्री सिंघल
डॉ दीपक सिन्हा
श्रीमती स्वाति नायर

# हमारे चिकित्सालयों की श्रृंखला






"अपने लक्ष्यों को अपनी क्षमताओं के स्तर तक कम न करें।
इसके बजाय, अपनी क्षमताओं को
अपने लक्ष्यों की ऊंचाई तक बढ़ाएं।"

- स्वामी विवेकानन्द

स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी का गठन सन् 2012 में कुछ युवा चिकित्सकों एवं सेवाभावी लोगो के द्वारा मानव सेवा हेतु किया गया था और जिनका लक्ष्य दुर्गम, पिछड़े, पहाड़ी, ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों व तीर्थस्थलों में उपेक्षित और शोषित वर्ग तथा तीर्थयात्रियों की सेवा करके मातृभूमि की वंदना करना और उन्हें चिकित्सीय सुविधा, शिक्षा और सामाजिक सुदृढ़ता प्रदान करना है।

सोसाइटी ने चारधाम में और उनके मार्गो में, चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को स्वास्थ्य सुविधा देने के अपने संकल्प को पूर्ण करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ धाम व गंगोत्री धाम में ICU युक्त चिकित्सालयों का संचालन कर रही है, जिनमें लैब की सुविधा, डिजिटल एक्स रे, फार्मेसी इत्यादि समस्त सुविधाएं पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं। विदित हो की यह चिकित्सालय 24 x 7 कार्यरत हैं और इनमे कार्यरत स्टाफ high altitude sickness व उससे सम्बंधित स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार करने के लिए प्रशिक्षित भी है।

सोसाइटी अपने धर्मार्थ चिकित्सालयों के अतिरिक्त अन्य परोपकारी कार्यो में भी योगदान कर रही है जिनमे प्रमुख है दुर्गम, पिछड़े व पहाड़ी क्षेत्रों में निःशुल्क सामुदयिक चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन। इनके अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में हैं, शिक्षा अभियान, स्वावलंबन अभियान एवं सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम। सोसाइटी द्वारा जनजातीय बहुल क्षेत्रों में पांच सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे है, एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम, स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम, मासिक धर्म स्वच्छता (My Pad: Menstrual Hygiene) कार्यक्रम, सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मुंह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, जाँच व चिकित्सा कार्यक्रम।

सेवा पथ पर चलते हुए सोसाइटी आज कुल 12 धर्मार्थ चिकित्सालयों का संचालन कर रही है और अपने ''नर सेवा नारायण सेवा'' के ध्येय वाक्य को यथार्थ कर रही है।

# उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल का श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय का प्रवास

उत्तराखण्ड के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) श्री गुरमीत सिंह PVSM, UYSM, AVSM, VSM 4 अक्टूबर को हमारे श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के प्रवास पर आये और चिकित्सालय द्वारा दी जा रही सुविधाओं में गहरी रूचि लेते हुए प्रशंसा व सराहना कर हमारा मान बढ़ा दिया। सोसाइटी एवं चिकित्सालय का गुणगान करते हुए, माननीय राज्यपाल महोदय ने आगंतुक पंजिका में लिखा की चिकित्सालय द्वारा किया जा रहा कार्य वास्तव में निःस्वार्थता, सेवा व समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है।



Tweet

LT GENERAL GURMIT SINGH (Retd)
@LtGenGurmit

#Badrinath में स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय का भ्रमण किया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद चिकित्सा टीम समर्पित भाव से कार्य कर रही है। यात्रा के दौरान 36 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को चिकित्सकीय सहायता दी गई इसके लिए पूरी चिकित्सा टीम बधाई की पात्र है।
#Uttarakhand #Medical

8:42 PM · Oct 4, 2022 · Twitter for Android

95 Retweets 148 Likes


Visitor Book

| S. No. | Date | Name & Address | Contact No. |
|---|---|---|---|
| | 04 October 2022 | Exceedingly happy to visit Swami Vivekanand Ji Health Mission Society's Hospital at Badrinath Ji. This is indeed an Example of Selflessness, Sewa and excellence in Medical professionalism. Composite and so complete a Health System here. My Compliments, Appreciation and Gratitude for looking after Yatries for Badri Vishal Ji's Visit. With Best Wishes Jai Hind Gurmit | |

माननीय राज्यपाल द्वारा आगंतुक पंजिका में वर्णित किया हुआ सोसाइटी के लिए प्रशंसात्मक उल्लेख


माननीय राज्यपाल भर्ती एक रोगी से वार्तालाप करते हुए


माननीय राज्यपाल श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के डॉक्टर्स एवं स्टाफ के साथ वार्तालाप करते हुए

# चार धाम स्थित चिकित्सालय
# एक अवलोकन - 2022

हर वर्ष के भांति, इस वर्ष में भी सोसाइटी ने अपने धाम स्थित ICU और क्रिटिकल केयर युक्त व high altitude sickness का उपचार करने में प्रशिक्षित स्टाफ से सुसज्जित चिकित्सालयों के माध्यम से चार धाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य व अन्य आवश्यताओं का सतत ध्यान रखा। इस तिमाही में चार धाम यात्रा के समापन के साथ हमारे चिकित्सालय भी अगली यात्रा तक के लिए इस विश्वास के साथ अस्थायी रूप से बंद हो गए की अगले वर्ष पुनः दुगुने लगन, धैर्य और समर्पण के साथ श्रद्धालुओं के सेवा के लिए तत्पर एवं सज्ज रहेगें।

## वर्ष विशेष

इस वर्ष धाम स्थित हमारे तीनों चिकित्सालयों में उनकी स्थापना के बाद से अभी तक सबसे अधिक संख्या में रोगियों का आना हुआ।

ऊँचे पर्वतीय क्षेत्रों के मौसम तथा कठिन वातावरण से अनभिज्ञ, हमारे चिकित्सालयों ने आने वाले श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधा के अतिरिक्त निःशुल्क चाय, बिस्कुट और चप्पल व रेनकोट भी उपलब्ध कराये।

**श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पर इस वर्ष पर आने वाले श्रद्धालुओं में से 10 % ने हमारे धाम स्थित चिकित्सालय में स्वास्थ्य व अन्य सुविधाओं का लाभ लिया जो अपने आप में एक अनूठी उपलब्धि है।**

- भारत सरकार ने हमारे द्वारा धाम स्थित चिकित्सालयों में किये जा रहे निःस्वार्थ सेवा से प्रभावित होकर हमसे संपर्क किया और सोसाइटी के सचिव डॉ. अनुज सिंघल को पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) की निगरानी में संचालित "चार धाम समिति" में एक सदस्य के रूप में नामित किया, जिसका की उद्देश्य श्रद्धालुओं की तीर्थ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाना है।
- कई प्रतिष्ठित हस्तियों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा हमारे धाम चिकित्सालयों का प्रवास हुआ और सभी ने प्रशंसा व सराहना कर हमें उत्साहित और गौरान्वित कर दिया।
- एक अन्य गौरवपूर्ण क्षण था जब श्री बद्रीनाथ धाम और श्री केदारनाथ धाम की यात्रा पर आए श्री मुकेश अंबानी के प्रवास के दौरान स्वास्थ्य और चिकित्सा प्रदान करने की जिम्मेदारी सोसाइटी के धाम चिकित्सालयों को सौंपी गई।

## आगे की राह

- उत्तराखण्ड सरकार से सहयोग से सोसाइटी ने श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय के विस्तार के लिए एक बड़ी भूमि खरीद ली है और उस पर निर्माण कार्य भी प्रारम्भ हो चुका है।
- सोसाइटी श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय के विस्तार की दिशा में भी आगे बढ़ रही है और उस पर भी शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ हो जायेगा।

| चिकित्सालय का नाम | कार्यरत रहे दिवस | कुल पंजीकरण | दैनिक रोगी औसत | कुल इमरजेंसी | लैब की जाँचें | निःशुल्क चाय व बिस्कुट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| श्री केदारनाथ धाम (02 मई – 21 अक्तूबर) | 173 | 113643 | 657 | 13680 | 3006 | 10029 |
| गंगोत्री धाम (4 मई – 20 अक्तूबर) | 170 | 16304 | 96 | 1250 | 1625 | 7200 |
| श्री बद्रीनाथ धाम (07 मई – 18 नवम्बर) | 196 | 39662 | 202 | 2522 | 7496 | 18213 |
| **कुल आंकड़ें** | **539** | **169609** | **955** | **17452** | **12127** | **35442** |

# धाम स्थित चिकित्सालयों की सेवाओं व सुविधाओं की एक झलक



श्री बद्रीनाथ धाम व श्री केदारनाथ धाम के प्रवास पर आए श्री मुकेश अंबानी जी के स्वास्थ्य संबंधी देखभाल की जिम्मेदारी सोसाइटी के धाम चिकित्सालयों को सौंपी गयी



गंगोत्री धाम चिकित्सालय का आपातकालीन विभाग



तीर्थयात्रियों को नि:शुल्क चप्पल एवं रेनकोट का वितरण



श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय में श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क चिकित्सा के साथ नि:शुल्क चाय और बिस्कुट सेवा




श्री बद्रीनाथ मंदिर परिसर में हमारी फर्स्ट ऐड पोस्ट / क्लिनिक



हेलीपैड पर एक रोगी का उपचार करते श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय के स्टाफगण



श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय का आपातकालीन विभाग

# उल्लेखनीय घटनाएँ

## 4 अक्टूबर: विकासनगर



सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल को हनुमत धाम, विकासनगर की 25वीं वर्षगांठ समारोह के अवसर पर मानवता के प्रति उनकी अथक और निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

## 5 नवम्बर : श्री बद्रीनाथ धाम



सोसाइटी के कोर ग्रुप की एक बैठक दिनांक 5 नवंबर 2022 को डॉ कृष्ण गोपाल जी, सह सरकार्यवाह, आर एस एस के अध्यक्षता में श्री बद्रीनाथ धाम में आयोजित की गई जिसमे सोसाइटी द्वारा संचालित धाम के चिकित्सालयों के इस वर्ष के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## 18 - 20 नवम्बर: विशाखापट्टनम




डॉ संजय शाह, चिकित्सा निदेशक, हरिद्वार चिकित्सालय ने "ओल्ड इज गोल्ड: स्टिल स्टेंड्स ट्रू इन मेडिसिन" पर एक पेपर प्रस्तुत किया।

## 10 - 12 नवम्बर: कोच्ची, केरल





डॉ अनुज सिंघल ने "हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में टेली-स्वास्थ्य" पर एक पेपर प्रस्तुत किया

## 12 - 13 नवम्बर: हरिद्वार



श्रीमती माधुरी मराठे (राष्ट्रीय सेविका समिति) की उपस्थिति में समाधान एनजीओ की अध्यक्ष डॉ रेणु डी सिंह द्वारा एक आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

## 16 दिसम्बर: नई दिल्ली




सोसाइटी के सचिव डॉ अनुज सिंघल को राष्ट्रीय सहायता प्राप्त जननीये प्रोद्योजगकी और सरोगेसी बोर्ड में विशेषज्ञ सदस्य (सामाजिक वैज्ञानिक) के रूप में नामित किया गया।

## 22 दिसम्बर: बड़कोट



बड़कोट चिकित्सालय में IVP सुविधा की शुरुआत एक और उपलब्धि रही। IVP एक एक्स-रे जाँच है, जिसमें गुर्दे और मूत्र मार्ग अंगो की बारीकी से जाँच होती है।

## 17 अक्टूबर - 2 नवम्बर: पीपलकोटी



पीपलकोटी चिकित्सालय के स्टाफ का चिकित्सा से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर सात दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम चलाया गया जिसका संचालन हरिद्वार चिकित्सालय के डॉ हरीश रेड्डी द्वारा किया गया।

# उल्लेखनीय घटनाएँ

**24 - 25 दिसम्बर: धर्मावाला**



तिमाही समीक्षा बैठक में सोसाइटी द्वारा संचालित सभी चिकित्सालयों के चिकित्सकों एवं मैनेजरों ने भाग लिया।

**23 दिसम्बर: धर्मावाला**



सोसाइटी चिकित्सालयों के दंत चिकित्सकों ने एक दिवसीय समीक्षा एवं अभिमुखीकरण कार्यशाला में भाग लिया।

# विशेष अतिथि

**23 - 25 दिसम्बर: हरिद्वार**



कृषि सुधारों पर भारत सरकार के सलाहकार, श्री राजीव चावला जी ,आई.ए.एस., हरिद्वार चिकित्सालय के प्रवास पर आये।

**14 नवम्बर: धर्मावाला**



वाघ बकरी चाय समूह के कार्यकारी निदेशक, श्री पराग देसाई जी धर्मावाला चिकित्सालय के प्रवास पर आये एवं चिकित्सालय की सुविधाओं के साथ साथ नए निर्माणाधीन भवन को भी देखा। सीएसआर पहल के तहत श्री पराग देसाई जी ने धर्मावाला चिकित्सालय में एक नए मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर के समस्त उपकरण इत्यादि की लागत का व्यव रुपए 45 लाख वहन करने की सहमती दी।

**26 नवम्बर: धर्मावाला**



आरएसएस, विकासनगर की व्यवसायी शाखा के 8 सदस्य धर्मावाला चिकित्सालय के प्रवास पर आये।

**3 दिसम्बर: धर्मावाला**



पूज्य स्वामी अमृतदास जी, साधना केंद्र आश्रम की श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर शाखा का धर्मावाला चिकित्सालय में प्रवास।

**18 दिसम्बर: हरिद्वार**



एम्स दिल्ली के फैकल्टी और 130 एम.बी.बी.एस प्रथम वर्ष के छात्र हरिद्वार चिकित्सालय के प्रवास पर आये।

# दीपावली समारोह

**सोसाइटी के समस्त चिकित्सालयों में दीपावली का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया।**



धर्मावाला



हरिद्वार



दिल्ली



श्री बद्रीनाथ धाम



मनेरी



नारायणकोटी



पीपलकोटी




बड़कोट



पेटशाल

# रविवारीय सुपर स्पेशियलिटी शिविर


## धर्मावाला


**शिविर: 5**

**लाभार्थी: 2132**

**सर्जरी: 58 (यूरो)**


डॉ ए के पाठक, हड्डी रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ, आगरा


डॉ अरविंदर पाल सिंह औलख, मनोचिकित्सक, जॉली ग्रांट


सर्जरी चलती हुई





मल्टी स्पेशियलिटी शिविर के डॉक्टर

## हरिद्वार

**शिविर: 9**

**लाभार्थी: 1772**


डॉ देवेंद्र कुमार बब्बर, यूरोलॉजिस्ट, नॉएडा


डॉ वेंकटेश, यूरोलॉजिस्ट, नॉएडा


डॉ संदीप त्रिपाठी, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नॉएडा


डॉ दीपक सेमवाल, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नॉएडा


डॉ संदीप दलाल, ई.एन.टी. सर्जन, नॉएडा


डॉ राहुल अहर, त्वचा रोग विशेषज्ञ, हरिद्वार


डॉ अंकित टंडन, फिजीशियन, दिल्ली

## पेटशाल

**शिविर: 9**

**लाभार्थी: 1772**

**सर्जरी: 6**


डॉ नीलाम्बर भट्ट, जनरल फिजिशियन एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ, हल्द्वानी


डॉ अजय अग्रवाल, जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं डॉ मनोरंजन पंत, एनेस्थेटिस्ट, रुद्रपुर

## सामुदायिक चिकित्सा शिविर
## धर्मावाला, हरिद्वार, बड़कोट, पेटशाल, पीपलकोटी, नारायणकोटी एवं दिल्ली

**कुल शिविर: 53**
**लाभार्थी: 4351**




धर्मावाला - दन्त चिकित्सा शिविर एवं जागरूकता सत्र



धर्मावाला - 20 अक्टूबर: माख्टी पोखरी गाँव




धर्मावाला - 5 नवम्बर: जुड्डो गाँव



धर्मावाला - 7 दिसम्बर: नागथात गाँव



हरिद्वार - 7 अक्टूबर: रानीमाजरा गाँव



हरिद्वार - 4 नवम्बर: फेरुपुर गाँव



बड़कोट - 18 अक्टूबर: गंगनाड़ी गाँव




पेटशाल - 29 अक्टूबर: खेती गाँव



पेटशाल - 27 नवम्बर: जागेश्वर गाँव



पीपलकोटी - 24 नवम्बर: सुभई गाँव



नारायणकोटी - 26 नवम्बर: गुप्तकाशी



दिल्ली - 27 नवम्बर: मटकेवाली बस्ती



दिल्ली - 11 दिसम्बर: सेवा बस्ती



दिल्ली - 22 दिसम्बर: रणजीत नगर

# सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

## धर्मावाला







जागरुकता सत्र लेते हुए डॉ ताराश्री सिंघल

### स्तन एवं ग्रीवा के कैंसर की जागरूकता, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम चिकित्सा से सावधानी भली "कैंसर से दो कदम आगे"

- भरे गए सर्वे फार्म: *697*
- जागरूकता सत्र: *3* (प्रतिभागी: *136*)
- कुल स्क्रीनिंग: *56*



घर घर जाकर सर्वे एवं जागरूकता सत्र




घर घर जाकर सर्वे एवं जागरूकता सत्र

### मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम

- कुल सम्पर्क किये गये घर: *2021*
- सम्पर्क की गयी महिलाएँ: *2099*
- भरे गए सर्वे फार्म: *249*
- लाभार्थी: *1285*
- कुल वितरित सैनिटरी पैड पैकेट: *2784*



घर घर जाकर सैनिटरी पैड पैकेट वितरण



फॉलोअप हिमोग्लोबिन जाँच

### एनीमिया की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम

- कुल सम्पर्क किये गये घर: *1140*
- कुल सम्पर्क किए गए लाभार्थी: *1991*
- वर्तमान में उपचाराधीन लाभार्थी: *178*
- कुल फॉलोअप विजिट: *1670*




दैनिक फॉलोअप विजिट




घर घर स्क्रीनिंग

### मुँह एवं गले के कैंसर की जागरूकता, स्क्रीनिंग, जाँच एवं चिकित्सा कार्यक्रम

- कुल सम्पर्क किये गये घर: *379*
- कुल सम्पर्क किए गए जन: *1144*
- व्यसन के साथ पाए गए कुल व्यक्ति: *439*
- कुल आयोजित शिविर: *5*
- (कुल प्रतिभागी: *151*; रेफरल: *33*)



शिविर के दौरान प्राइमरी स्क्रीनिंग करते हुए डॉ निमिष गुप्ता एवं डॉ श्रेया अग्रवाल



घर घर जाकर सर्वे एवं जागरूकता सत्र

### मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

- कुल सम्पर्क किये गये घर: *137*
- कुल सम्पर्क किए गए जन: *173*
- संदिग्ध मनोरोगी एवं भरे गए सर्वे फार्म: *35*



घर घर जाकर सर्वे एवं जागरूकता सत्र

# उत्कृष्ट उदाहरण

## धर्मावाला चिकित्सालय ने 50 स्पाइन ऑपरेशन का आंकड़ा पार किया

- स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) विभाग की शुरुआत फरवरी माह 2022 में डॉ तेजस्वी अग्रवाल के नेतृत्व में की गई और प्रथम स्पाइन ऑपरेशन 26 फरवरी 2022 को हुआ।
- इसी क्रम में विस्तार करते हुए सोसाइटी ने द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई के डॉ शेखर वाई भोजराज के साथ मिलकर साझेदारी कर धर्मावाला चिकित्सालय में गुणवत्ता वाली रीढ़ की हड्डी की देखभाल सुविधा कर दी।
- स्पाइन फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में रीढ़ की हड्डी सम्बंधित रोगियों को चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने में अग्रणी संस्था रही है, और अब यह सुविधा के कारण धर्मावाला चिकित्सालय भी एक ग्रामीण स्पाइन केयर सेंटर बन गया है।
- डॉ तेजस्वी के समर्थन और द स्पाइन फाउंडेशन, मुंबई के डॉ शेखर वाई भोजराज के समग्र मार्गदर्शन के साथ सोसाइटी ने धर्मावाला चिकित्सालय में उच्च गुणवत्ता वाली रीढ़ की हड्डी की देखभाल सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से फाउंडेशन के साथ साझेदारी की। एक स्वस्थ रीढ़ (spine) हमारे समग्र स्वास्थ्य (overall health) के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है।
- रीढ़ के रोग से सबसे अधिक प्रभावित होने वालों में अक्सर कमाने वाले युवा होते हैं जिन्हें इस कारण काम से निकाल दिया जाता है जिससे पूरे परिवार को आर्थिक व भावनात्मक कष्ट का सामना करना पड़ता है।
- रीढ़ की हड्डी के रोगों के प्रबंधन में उपयोग किए जाने वाले निदान और उपचार के तौर-तरीके तकनीक और प्रत्यारोपण से संचालित होते हैं, और जो काफी महंगे और आसानी से उपलब्ध भी नहीं होते है। इस कारण हमारे देश का एक बड़ा वर्ग इस सुविधा से वंचित रह जाता है और कष्ट वाला जीवन यापन करने को विवश हो जाता है।



1 अक्टूबर: स्पाइन सर्जरी शिविर



स्पाइन सर्जरी



हिप स्पायिका प्लास्टर

## बड़कोट

- डेढ़ वर्ष एक बालक बाएँ पैर में गंभीर चोट लेकर 16 नवम्बर को हमारी OPD में पहुंचा, गिरने के कारण उसकी बाएँ जांघ की हड्डी (femur)में फ्रैक्चर हो गया था।
- बालक को हड्डी रोग विशेषज्ञ के निर्देशन में क्लोज्ड रिडक्शन करके Hip Spica प्लास्टर कास्ट लगाया गया।
- पुनः जाँच व एक्स रे में उसके पैर की हड्डी पूरी तरह से जुड़ गई थी।
- इस केस को विशेष बनाता है हमारे चिकित्सालय द्वारा इतने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में इस तरह की उन्नत सुविधा का उपलब्ध कराना।

## धर्मावाला


- 28 वर्षीय एक पुरुष रोगी, कान, नाक व गला रोग विभाग की OPD में दाहिने कान बहने व आवाजें सुनने की शिकायत लेकर आया।
- वह पिछले चार माह से इस पीड़ा को सहन कर रहा था और कई जगह दिखाने के बाद भी ठीक नहीं हुआ था।
- नियमित दवाओं से लाभ नहीं होने और कान के पर्दे की TB होने की शंका के कारण, कान के मवाद की माइक्रोबायोलोजिकल जांच की गई जिसमे TB की पुष्टि हो गई।
- रोगी की TB के लिए डॉट्स थेरेपी शुरू कर दी गई और 3 महीने के पश्चात right cortical Mastoidectomy with type 3 tympanoplasty सर्जरी की गई और रोगी कुछ माह बाद पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गया।
- रोगी ने ह्रदय से सोसाइटी व धर्मावाला चिकित्सालय का आभार व्यक्त किया।
- इस केस को विशेष बनाता है सही निदान और उपचार जो की रोगी का हमारे चिकित्सालय द्वारा सटीकता से किया गया।





रोगी का फॉलोअप विजिट

# आंकड़े (अक्टूबर - दिसम्बर 2022)


| 85885 | 559 | 4188 | 7039 | 4008 | 47419 |
|---|---|---|---|---|---|
| पंजीकरण | सर्जरी | इमरजेंसी | एक्स-रे | अल्ट्रासाउंड | लैब जाँच |




केवल धर्मावाला, हरिद्वार एवं दिल्ली चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाएं




अल्ट्रासाउंड सुविधा केवल धर्मावाला, हरिद्वार, पीपलकोटी एवं पेटशाल चिकित्सालयों में उपलब्ध है। TIFFA (स्तर II) स्कैन धर्मावाला एवं हरिद्वार चिकित्सालयों में उपलब्ध है।

# आंकड़े (अक्टूबर - दिसम्बर 2022)

| चिकित्सालय | लैब जाँच | इमरजेंसी | एक्स रे | ई सी जी | प्लास्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| धर्मावाला | 27737 | 681 | 3409 | 884 | 183 |
| मनेरी | 410 | 11 | 89 | 4 | 22 |
| नारायणकोटी | 1949 | 148 | 553 | 178 | 75 |
| बड़कोट | 2160 | 60 | 907 | 59 | 176 |
| पीपलकोटी | 1954 | 214 | 392 | 128 | 25 |
| बद्रीनाथ | 630 | 316 | 155 | 203 | 9 |
| पेटशाल | 2088 | 95 | 312 | 52 | 63 |
| केदारनाथ | 348 | 2239 | 52 | 95 | 131 |
| हरिद्वार | 9580 | 371 | 1142 | 720 | 69 |
| गंगोत्री | 29 | 53 | 28 | 6 | 1 |
| डुमेट | 291 | NA | NA | NA | NA |
| दिल्ली | 243 | NA | NA | NA | NA |
| कुल | 47419 | 4188 | 7039 | 2329 | 754 |

| चिकित्सालय | सर्जरी (559) | |
|---|---|---|
| | मेजर | माइनर |
| धर्मावाला | 320 | 93 |
| नारायणकोटी | - | 19 |
| पीपलकोटी | - | 19 |
| बड़कोट | - | 51 |
| पेटशाल | 13 | 4 |
| हरिद्वार | 33 | 7 |
| कुल | 366 | 193 |

सर्जरी में शामिल हैं: सामान्य, महिला रोग, यूरो, स्पाइन, ई.एन.टी., ऑर्थो, दन्त एवं मैक्सिलो-फेशियल

| | |
|---|---|
| सी टी स्कैन | 864 |
| यूरोफ्लोमेट्री | 152 |
| एंडोस्कोपी | 74 |
| ऑडियोमेट्री | 56 |
| इको (ECHO) | 49 |

नोट: उपरोक्त सुविधाएं केवल धर्मावाला चिकित्सालय में उपलब्ध हैं

- योग चिकित्सा सत्र (102 धर्मावाला एवं 210 हरिद्वार) - जीवनशैली संबंधी रोग परामर्श सत्र (1541 हरिद्वार)

## हमारे चार धाम स्थित चिकित्सालयों के आंकड़े - कुल पंजीकरण: 18713

**श्री बद्रीनाथ धाम चिकित्सालय**

4990

102 रोगी प्रतिदिन

**श्री केदारनाथ धाम चिकित्सालय**

12694

604 रोगी प्रतिदिन

**गंगोत्री धाम चिकित्सालय**

1029

51 रोगी प्रतिदिन

**कुल इमरजेंसी: 2608**

316

2239


53

नर सेवा

नारायण सेवा

**For Domestic Donations**
**Account Details:**
Swami Vivekanand Health Mission Society
A/C No.: 32584491256
IFSC Code: SBIN0010626
Branch Name: CST Herbertpur, Dehradun

**सभी दान आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80G के तहत कर-मुक्त हैं।**




# स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी


बी–207, पैसिफिक एस्टेट, वसंत विहार, देहरादून –248001

https://www.twitter.com/svhmuk
https://www.facebook.com/svhmu
https://www.svhmuk.in
svhmuk@gmail.com



स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी के लिए प्रकाशक / मुद्रक डॉ अनुज सिंघल द्वारा सरस्वती प्रेस, 2 ग्रीन पार्क, निरंजनपुर, देहरादून से मुद्रित कर स्वामी विवेकानन्द हैल्थ मिशन सोसाइटी, बी-207, पैसिफिक एस्टेट, अनुराग नर्सरी चौक, कांवली रोड, देहरादून -248001 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।

Saraswati Press | 9358865676